प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री–दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा करेंगे। वे दोनों राज्यों में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का आकलन और राहत तथा पुर्नवास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कुल्लू, चंबा और मंडी जिलों के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और कांगड़ा जिला में राज्य सरकार के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जमीन पर कार्य कर रहे आपदा मित्र दलों से भी मिलेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिमाचल दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और धर्मशाला व इसके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई है। गग्गल हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और मंत्रिमण्डल के सदस्य मौजूद रहेंगे। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल में आपदा से हुए नुकसान को लेकर धर्मशाला में राज्य सरकार के साथ एक समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार की तरफ से आपदा को लेकर विस्तृत प्रेजेंटेशन दी जाएगी ताकि प्रदेश को आपदा राहत पैकेज मिल सके। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली बैठक की तैयारियों को लेकर जायज़ा लिया। उन्होंने हवाई अड्डे के परिसर में एनडीआरएफ की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उनके साथ अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

उपराष्ट्रपति चुनाव

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान जारी है। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना वोट डाला और संसद के दोनों सदनों के सदस्य नए संसद भवन में गुप्त मतदान के माध्यम से अपने वोट डाल रहे हैं। मतदान सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम 5 बजे तक चलेगा। मतगणना शाम 6 बजे के बाद होगी।

जीएसटी

वस्तु और सेवा कर यानी जी.एस.टी. की दरों में हाल ही में किए गए सुधार आगामी 22 सितम्बर से लागू होंगे। नई जी.एस.टी. दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा सहित सभी चिकित्सा उपकरणों पर जी.एस.टी. की दरें घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। पट्टियों, डायग्नॉस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर भी जी.एस.टी. दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, 33 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई जी.एस.टी. लागू नहीं होगा। कैंसर और गंभीर बीमारियों से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण दवाओं को भी जी.एस.टी. से मुक्त रखा गया है। एम्बुलेंस और एम्बुलेंस की फिटिंग, फर्नीचर और चिकित्सा सहायक उपकरणों वाले मोटर वाहनों पर अब 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। बारिश का दौर थमने के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र के अनुसार भारी वर्षा व भू–स्खलन के चलते राज्य में अभी भी 4 राष्ट्रीय उच्च मार्गों और 6 सौ 15 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक हजार 7 सौ 48 बिजली ट्रांसफार्मर जबकि 4 सौ 61 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। इस मॉनसून सीज़न के दौरान प्रदेश में 3 सौ 70 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 41 लोग अभी भी लापता हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना जताई है।

इसी बीच कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के घाटू में बीती रात हुए भूस्खलन की घटना में 4 लोग लापता है जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है और तीन अन्य घायल हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता.....

कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल में घाटू गांव में बीती रात हुई भूस्खलन की एक घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, तीन लोग घायल हो गए हैं जबकि चार लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए घटनास्थल पर प्रशासन द्वारा बचाव अभियान शुरू किया गया है। वहीं बीती देर शाम कुल्लू के कुछ भागों में जोरदार बारिश हुई। उधर कुल्लू के शिल्लीराज गिरि पंचायत के शगाड़ गांव में बादल फटने से नाले का जलस्तर बढ़ गया, जिसके चलते लोगों के खेत खलियानों को काफी नुकसान पहुंचा है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।